राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

# लेक्रोज प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर राज्यपाल श्री बागडे ने दी बधाई

जयपुर, 1 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय लेक्रोज प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतने पर प्रसन्नता जताते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल ने पदक जीतने वाली जनजाति क्षेत्र की राजस्थान की खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आदिवासी क्षेत्र की बेटियों ने देश और राजस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की बेटियों ने सीमित संसाधनो के बावजूद उम्दा प्रदर्शन किया है। यह अनुकरणीय है।

उल्लेखनीय है लेक्रोज खेल प्रोत्साहन के लिए राज्यपाल श्री बागडे ने खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता ही नहीं दी बल्कि निरंतर उन्हें प्रोत्साहित भी किया।

———